SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs 13/08/2019

Q1. भारत के किस राज्य के चमोली जिले के माणा गाँव को हेरिटेज विलेज बनाने के लिए 4 करोड़ रुपये की राशि को मंजूरी दे दी गयी है?

क. गुजरात

ख. पंजाब

ग. उत्तराखंड

घ. बिहार

भारत के उत्तराखंड राज्य के चमोली जिले के माणा गाँव को हेरिटेज विलेज बनाने के लिए 4 करोड़ रुपये की राशि को मंजूरी दे दी गयी है. इस गाँव में म्यूजियम,

एंपीथियेटर, पार्किंग और ऑडीटोरियम का निर्माण किया जायेगा और एक समय यह गाँव भारत और तिब्बत के बीच व्यापार का मुख्य केंद्र हुआ करता था.

Q2. 12 अगस्त को विश्वभर में कौन सा दिवस मनाया जाता है?

क. अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस

ख. अंतरराष्ट्रीय डाक दिवस

ग. अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस

घ. अंतरराष्ट्रीय महिला सुरक्षा दिवस

12 अगस्त को विश्वभर में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है. इस दिवस का मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं का सरकार के मुद्दों और उनकी बातों पर ध्यान आकर्षित करना है. यह दिवस सबसे पहले वर्ष 2000 में मनाया गया था.

Q3. हाल ही में किसने "एक राष्ट्र एक राशन कार्ड' योजना का शुभारंभ किया है?

क. नरेन्द्र मोदी

ख. अमित शाह

ग. राम विलास

घ. निति गडकरी

हाल ही में खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री राम विलास पासवान एक राष्ट्र एक राशन कार्ड' योजना का शुभारंभ किया है. इस योजना को अगर साल 1 जून से पूरे देश में लागू कर दिया जाएगा.

SarkariExam.Com

Q4. उपराष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडु के द्वारा 2 वर्ष के कार्यकाल पर लिखी पुस्तक “लिस्टिंग, लर्निंग एंड लीडिंग” का किसने विमोचन किया है?

क. रामनाथ कोविंद

ख. रामविलास पासवान

ग. अमित शाह

घ. प्रकाश जावडेकर

उपराष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडु के द्वारा 2 वर्ष के कार्यकाल पर लिखी पुस्तक “लिस्टिंग, लर्निंग एंड लीडिंग” का हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने विमोचन किया है. इस पुस्तक में उपराष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडु ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, 370 का मुद्दा राष्ट्रीय मुद्दा के बारे में कुछ बाते लिखी है.

Q5. निम्न में से कौन सा खिलाडी फर्स्ट क्लास क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले सबसे युवा भारतीय बल्लेबाज बन गया है?

क. शिखर धवन

ख. शुभमन गिल

ग. हनुमा विहारी

घ. रोहित शर्मा

शुभमन गिल हाल ही में तीसरे और अंतिम अनऑफिशियल टेस्ट में भारत की टीम ए के लिए शतक शतक लगाकर फर्स्ट क्लास क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले सबसे युवा भारतीय बल्लेबाज बन गये है. उनसे पहले यह रिकॉर्ड पूर्व भारतीय बल्लेबाज गौतम गंभीर ने वर्ष 2002 में जिम्बाब्वे के खिलाफ बनाया था.

SarkariExam.Com

Q6. सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस ______ ने हाल ही में फिजी के सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश की शपथ ली है?

क. दीपक मिश्रा

ख. मदन बी लोकुर

ग. रंजन गोगोई

घ. पिनाकी चंद्र घोष

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस मदन बी लोकुर ने हाल ही में फिजी के सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश की शपथ ली है. वे अब फिजी में अप्रवासी पैनल का हिस्सा होंगे और उनक कार्यकाल 3 वर्ष का होगा. उन्हें फिजी के राष्ट्रपति जिओजी कोनरोते ने न्यायाधीश की शपथ दिलाई.

Q7. निम्न में से किस योजना के तहत 60 वर्ष की आयु के बाद किसानों को 3000 रुपये प्रति महीने मिलने वाली पेंशन के पंजीयन की शुरूआत की गयी है?

क. प्रधानमंत्री किसान मान-धन योजना

ख. गोबर धन योजना

ग. श्रेयस योजना

घ. नया सवेरा नयी उड़ान

प्रधानमंत्री किसान मान-धन योजना के 60 वर्ष की आयु के बाद किसानों को 3000 रुपये प्रति महीने मिलने वाली पेंशन के पंजीयन की शुरूआत की गयी है. इस योजना से छोटे व सीमांत किसानों का जीवन बेहतर होगा.

SarkariExam.Com

Q8. रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कब अपनी ब्रॉडबैंड सर्विस जियो गीगा फाइबर कमर्शियली लॉन्च करने की घोषणा की है?

क. 2 सितंबर 2019

ख. 5 सितंबर 2019

ग. 5 अक्टूबर 2019

घ. 25 अगस्त 2019

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने हाल ही में 42वीं एजीएम में अपनी ब्रॉडबैंड सर्विस जियो गीगा फाइबर कमर्शियली को 5 सितंबर 2019 को लॉन्च करने की घोषणा की है. जिसका बेस प्लान 100 एमबीपीएस स्पीड के साथ मिलेगा. साथ ही जियो फाइबर फिक्स्ड लाइन फोन से पुरे भारत में वॉइस कॉलिंग फ्री होगी

Q9. 66वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में आयुष्मान खुराना की कौन सी फिल्म को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का अवार्ड दिया गया है?

क. अंधाधुन

ख. उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक

ग. बधाई हो

घ. आर्टिकल 15

66वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में आयुष्मान खुराना की “अंधाधुन” फिल्म को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का अवार्ड दिया गया है और आयुष्मान खुराना और विक्की कौशल को बेस्ट एक्टर का अवार्ड दिया गया है

SarkariExam.Com

Q10. कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक के बाद किसे कांग्रेस पार्टी का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?

क. मनमोहन सिंह

घ. राहुल गांधी

ग. सोनिया गांधी

घ. प्रियंका गाँधी

कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक के बाद सोनिया गांधी को कांग्रेस पार्टी का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया गया है.

Q11. यूरोपियन फुटबॉल के सबसे ज्यादा प्राइज मनी वाले इंग्लिश प्रीमियर लीग में कितनी टीमें हिस्सा ले रही हैं?

क. 10 टीमें

ख. 20 टीमें

ग. 30 टीमें

घ. 40 टीमें

यूरोपियन फुटबॉल के सबसे ज्यादा प्राइज मनी वाले इंग्लिश प्रीमियर लीग में 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं. ये टीमे अगले वर्ष 17 मई तक 380 मैच खेलेंगी. हर टीम में दो मैच खेलती है एक होम और एक अवे. ईपीएल फुटबॉल में 21 हजार 380 करोड़ रुपए प्राइज मनी है.

SarkariExam.com

Q12. लोकसभा और राज्यसभा के बाद किसके द्वारा हाल ही में जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन विधेयक, 2019 को मंजूरी दे दी गयी है?

क. सुप्रीमकोर्ट

ख. दिल्ली हाईकोर्ट

ग. निति आयोग

घ. राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

लोकसभा और राज्यसभा में पारित होने के बाद राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के द्वारा हाल ही में जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन विधेयक, 2019 को मंजूरी दे दी गयी है. अब इस वर्ष 31 अक्टूबर से जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बन जायेंगे

Q13. मुकेश अंबानी ने कंपनी की 42वीं एजीएम में किस वर्ष इंटरनेट ऑफ थिंग्स प्लेटफॉर्म का कमर्शियल लांच करने की घोषणा की है?

क. 2020

ख. 2021

ग. 2022

घ. 2023

मुकेश अंबानी ने हाल ही में कंपनी की 42वीं एजीएम में 1 जनवरी 2020 को इंटरनेट ऑफ थिंग्स प्लेटफॉर्म का कमर्शियल लांच करने की घोषणा की है. यह प्लेटफॉर्म फिजिकल डिवाइस और रोजाना इस्तेमाल की वस्तुओं के लिए विस्तार करेगा और इसका उद्देश्य एक अरब डिवाइसेज को जोड़ना है.

SarkariExam.Com

Q14. निम्न में से किसने देशभर में बोर्ड परीक्षाओं की फीस बढ़ा दी है?

क. इग्नू

ख. दिल्ली यूनिवर्सिटी

ग. एनआईओएस

घ. सीबीएसई

हाल ही में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने देशभर में बोर्ड परीक्षाओं की फीस बढ़ा दी है. सीबीएसई ने पुरे देश के सभी वर्ग के छात्रों का बोर्ड परीक्षा की फीस 750 से बढाकर 1500 रुपए कर दी है और दिल्ली में एससी और एसटी छात्रों के लिए 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की फीस में 4 गुना बढ़ोतरी की है.

Q15. पाकिस्तान के रेल मंत्री शेख राशिद अहमद ने समझोता एक्सप्रेस के बाद जोधपुर से कराची के बीच चलने वाली कौन सी एक्सप्रेस सेवा बंद कर दी है?

क. पाकिस्तान एक्सप्रेस

ख. डील एक्सप्रेस

ग. थार एक्सप्रेस

घ. मरुस्थल एक्सप्रेस

पाकिस्तान के रेल मंत्री शेख राशिद अहमद ने समझोता एक्सप्रेस के बाद जोधपुर से कराची के बीच चलने वाली थार एक्सप्रेस सेवा बंद को बंद कर दिया है. इससे पहले पाकिस्तान ने समझौता एक्सप्रेस को सीमा पर रोक दिया और इसे आगे बढ़ाने से इंकार कर दिया थ

SarkariExam.Com

Q16. रिलायंस जियो ने देश में डाटा सेंटर खोलने के लिए किस कंपनी के साथ करार/डील की है?

क. गूगल

ख. माइक्रोसॉफ्ट

ग. अमेज़न

घ. एप्पल

मुकेश अम्बानी की रिलायंस जियो ने देश में डाटा सेंटर खोलने के लिए माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के साथ करार/डील की है. इस डील से देश में छोटे और मंझले कारोबारियों के साथ स्टार्टअप वालों को फ़ायदा मिलेगा साथ ही जियो अपने इंटरनल वर्कफोर्स के साथ क्लाउड बेस्ड प्रोडक्टिविटी और कॉलेब्रोशन टूल्स उपलब्ध कराएगा.

Q17. भारत की पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की याद किस पडोसी देश में 1000 घी के दीपक जलाए गए है?

क. पाकिस्तान

ख. श्री लंका

ग. भूटान

घ. नेपाल

भारत की पूर्व विदेश मंत्री और दिवंगत बीजेपी नेता की आत्मा की शांति के लिए विशेष प्रार्थना करते हुए भूटान के नरेश ने देश में 1000 घी के दीपक जलाए है.

SarkariExam.Com

भूटान नरेश ने कहा है की सुषमा स्वराज ने दोनों देशों की मित्रता के लिए काम किया है.

Q18. निम्न में से किस राज्य सरकार ने सरकारी कॉलेजों में शिक्षा व्यवस्था में सुधार करने के लिए "RACE" नाम के एक कार्यक्रम की शुरुआत की है?

क. राजस्थान सरकार

ख. गुजरात सरकार

ग. पंजाब सरकार

घ. दिल्ली सरकार

राजस्थान सरकार ने हाल ही में राजस्थान में सरकारी कॉलेजों में शिक्षा व्यवस्था में सुधार और गुणवत्ता बनांये रखने के लिए "RACE" (Resource Assistance for Colleges with Excellence) नाम के कार्यक्रम की शुरुआत की है. इस उच्च शिक्षा मॉडल की शुरुआत सरकारी कॉलेजों के बीच संसाधनों की उपलब्धता को तर्कसंगत बनाने के उद्देश्य से की गयी है.

Q19. 13 अगस्त को प्रतिवर्ष कौन सा दिवस मनाया जाता है?

क. अंगदान दिवस

ख. विज्ञानं दिवस

ग. महिला सुरक्षा दिवस

घ. डाक दिवस

SarkariExam.com

13 अगस्त को प्रतिवर्ष अंगदान दिवस मनाया जाता है. इस दिवस का मुख्य उद्देश्य सामान्य मनुष्य को मृत्यु के बाद अंगदान करने की प्रतिज्ञा दिलाने के लिए प्रोत्साहित करना हैं. एक रिपोर्ट के मुतबिक, भारत में हर वर्ष 5 लाख व्यक्तियों की मृत्यु अंगों की अनुपलब्धता के कारण हो जाती है.

Q20. रोजर्स कप 2019 का ख़िताब किस महिला टेनिस खिलाडी ने जीता है?

क. सेरेना विलियम

ख. बियांका एंड्रेस्कू

ग. मारिया शारापोवा

घ. सिमोन हलेप

रोजर्स कप 2019 का ख़िताब कनाडा की युवा बियान्का एंड्रेस्कू ने जीता है. इस ख़िताब के फाइनल मैच में बियांका एंड्रेस्कू की प्रतिद्वंदी सेरेना विलियम को चोट लगने के कारण रिटायर होना पड़ा. कनाडा में पहली बार किसी खिलाडी ने पिछले 50 वर्षो में यह ख़िताब जीता है.

SarkariExam.Com